पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————

# राज्यपाल की अध्यक्षता में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

# शिक्षण संस्थानों को उद्यमिता परक सोच को बढ़ावा देना होगा

**–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

————

लखनऊ : 24 नवम्बर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने उपधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को आगामी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल जी ने दीक्षांत समारोह को विद्यार्थियों के जीवन की विशिष्ट उपलब्धि का दिन बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त अब उनका सामाजिक जीवन प्रारम्भ होगा, जहाँ से इस शिक्षा का व्यवहारिक उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने  शिक्षा के चारित्रिक गुणों के उच्चतम विकास का आधार बताते हुए कहा कि ये वो शिक्षा है, जिसका घर में माता–पिता से प्राप्त प्रारम्भिक ज्ञान और संस्कार से होता है। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने कहा कि अब शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य सिर्फ शिक्षित युवा तैयार करना नहीं है अपितु ऐसे नियोक्ता भी तैयार करना है, जो आगामी पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा कर सकें।

उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को उद्यमिता परक सोच को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने उच्च शिक्षा में नई राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि इससे देश में रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रमों को न सिर्फ नौकरी के साथ जोड़कर बनाया गया है, बल्कि

स्वावलम्बन, योग्य और संस्कार युक्त शिक्षा देने पर भी ध्यान दिया गया है। उन्होंने इस दिशा में विश्व विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रदेश और केन्द्र सरकार की कई योजनाएं ऐसी हैं, जिनका लाभ उठाकर वे अपना स्टार्ट अप प्रारम्भ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे युवा नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनें।

राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के लिए नैक मूल्यांकन कराने की आवश्यकता पर बल दिया और आशा व्यक्त की कि एच0बी0टी0यू0 भी नैक मानकों के अनुरूप गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने की तैयारियाँ करके मूल्यांकन में उच्च रैंकिंग प्राप्त करेगा। राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने कार्यों की गुणवत्ता एवं तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देने में नवीनतम शोधों के साथ विस्तार करे। उन्होंने गत् वर्ष अस्सी प्रतिशत छात्रों के सेवायोजन लाभ मिलने तथा विश्वप्रसिद्ध कम्पनियों में चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

विद्यार्थियों का ध्यान जलवायु परिवर्तन की ओर आकृष्ट करते हुए राज्यपाल जी ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण पर भी चर्चा की। आज के कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल जी द्वारा ''जल भरो'' कार्यक्रम से किया गया। राज्यपाल जी ने मटकी में जलधारा डालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा जितना जल वर्ष भर में उपयोग में लाया जाता है, वो उतने जल संरक्षण हेतु प्रभावी प्रयास करें।

कार्यक्रम में कुलाधिपति एवं राज्यपाल जी ने प्राथमिक विद्यालय बाई जी के बाग आजादनगर, कानपुर के 30 विद्यार्थियों को प्रेरणादाई पुस्तकें एवं फल वितरित किए।

समारोह में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे मुख्य अतिथि एवं पूर्व एम0डी0 बैंक आफ बड़ौदा डॉ0 अनिल कुमार खण्डेलवाल ने अपने अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा करते हुए उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कुलपति प्रो0 समशेर ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को भावी जीवन में उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के साथ कार्य करके सफलता के लिए प्रेरित किया।

दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 से 2022 के बीच पास हुए कुल 670 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को उपाधि दी गयी। इनमें 06 शोधार्थियों को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि मिली। बी0टेक0 के कुल 471, एम0सी0ए0 147 तथा एम0टेक0 के 46 विद्यार्थियों ने समारोह में उपाधि प्राप्त की। 04 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 04 विद्यार्थियों को रजत पदक तथा 02 विद्यार्थियों को कांस्य पदक से अलंकृत किया गया।

------

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर
YEARS
चतुर्थ दीक्षान्त समारोह